an>

Title: Issue regarding delay in CBI probe in the desecration of Guru Granth Sahib.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : महोदया, मैं आपके माध्यम से 2.5-3 वर्ष पहले पंजाब में हुई एक बहुत ही दु:खदायी और संवेदनशील घटना की ओर सरकार का ध्यान लाना चाहता हूँ। आप सभी जानते हैं कि श्री गुरुग्रंथ साहब जी को हम जिंदा शरीर के रूप में मानते हैं। यह सभी सिखों को हमारे गुरू का हुक्म है- "गुरु मानयो ग्रंथ, गुरु ग्रंथ जी मानयो परगट गुरु की देह।"

मैडम, तीन वर्ष पहले श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के अंगों के साथ छेड़छाड़ हुई, उनका निरादर हुआ। उस समय हमारी सरकार ने ईमानदारी से कोशिश की कि दोषियों को पकड़ा जाए, उन्हें पहचाना जाए और किसी निर्दोष पर इसका आरोप न आए। इसमें कई लोगों का हाथ होने की सूचना थी। सीबीआई को इंक्वायरी दी। हमने माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी से भी निवेदन किया है, लेकिन अभी तक उसकी रिपोर्ट नहीं आई है।

महोदया, इससे देश में एक मैसेज जा रहा है कि सीबीआई को जो भी इंक्वायरी जाती है, वह शायद ठण्डे बस्ते में चली जाती है। हमारे बहुत सारे लोग आज सड़कों पर बैठे हैं। वे गर्मी में, बारिश में धरने पर बैठे हैं। हमें तो पानी का गिलास लेने के लिए भी, न्याय लेने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

हम अपनी सरकार से यह माँग करते हैं कि सीबीआई की इंक्वायरी जल्दी से जल्दी पूरी कराई जाए, ताकि दोषी पकड़े जाएं और उनको सजा दी जाए। इससे देश और दुनिया भर के सिखों में रोष व्याप्त है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।